Seat No. : _______________

# AL-116(H)

**April-2025**

**B.Com., Sem.-IV (NEP-2020)**

**DSC-C-241 : Cost Accounting-II**

**(Major)**

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

1. भावना लि. का ता. 31-03-2025 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ-हानि खाता निम्न है : **10**

**उधार** **जमा**

| विवरण | रकम ₹ | विवरण | | रकम ₹ |
|---|---|---|---|---|
| मालसामान | 4,00,000 | विक्रय | | 14,40,000 |
| उत्पादक मजदूरी | 1,50,000 | अर्ध-तैयार माल | | |
| कारखाना उपरिव्यय | 2,50,000 | मालसामान | 30,000 | |
| सकल लाभ | 7,00,000 | मजदूरी | 20,000 | |
| | | कारखाना उपरिव्यय | 10,000 | 60,000 |
| | **15,00,000** | | | **15,00,000** |
| ऑफिस खर्च | 1,50,000 | सकल लाभ | | 7,00,000 |
| विक्रय एवं वितरण खर्च | 40,000 | प्राप्त डिविडण्ड | | 50,000 |
| प्राथमिक खर्च अपलिखित | 10,000 | बैंक ब्याज | | 20,000 |
| साख अपलिखित | 20,000 | | | |
| आयकर प्रावधान | 80,000 | | | |
| शुद्ध लाभ | 4,70,000 | | | |
| | **7,70,000** | | | **7,70,000** |

वर्ष के दौरान 20,000 इकाइयों का निर्माण एवं विक्रय हुआ ।

लागत खातों से निम्न सूचनाएँ प्रदान की गई :

(1) प्रत्यक्ष मालसामान एवं उत्पादक मजदूरी वास्तविक लागत मूल्य पर दर्ज की गई ।

(2) कारखाना उपरिव्यय, प्रत्यक्ष मजदूरी के 80% से उत्पादन पर लगाया गया ।

(3) ऑफिस खर्च को कारखाना लागत के 20% से वसूल किया गया ।

(4) विक्रय एवं वितरण खर्च को ₹ 5 प्रति इकाई विक्रय से वसूल किया गया ।

तैयार कीजिए :

(1) लागत पत्रक

(2) वित्तीय खातों एवं लागत खातों के अनुसार लाभ का समाधान पत्रक

**अथवा**

1. महाकुंभ लि. की निम्न सूचनाओं से वित्तीय खातों एवं लागत खातों के आधार पर लाभ का समाधान पत्रक तैयार कीजिए : **10**

**लागत पत्रक**

| **विवरण** | **रकम ₹** |
|---|---|
| प्रत्यक्ष मालसामान | 10,00,000 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 2,00,000 |
| **प्राथमिक लागत** | 12,00,000 |
| कारखाना उपरिव्यय | 2,40,000 |
| **कारखाना लागत** | 14,40,000 |
| ऑफिस उपरिव्यय | 1,60,000 |
| **उत्पादन लागत** | 16,00,000 |
| **घटा :** तैयार माल का अंतिम स्टॉक (उत्पादन का 20%) | 3,20,000 |
| **विक्रय किए गए माल की उत्पादन लागत** | 12,80,000 |
| विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय | 1,20,000 |
| **कुल लागत** | 14,00,000 |
| **जोड़ :** लाभ | 2,00,000 |
| **विक्रय** | **16,00,000** |

वित्तीय खातों एवं उपरोक्त लागत पत्रक की जाँच करने पर निम्न जानकारियाँ प्राप्त हुई :

(1) मालसामान और मजदूरी को वास्तविक लागत मूल्य पर दर्ज किया गया ।

(2) कारखाना उपरिव्यय को लागत खातों में ₹ 20,000 से अधिक वसूल किया गया है ।

(3) ऑफिस उपरिव्यय वित्तीय खातों के अनुसार लागत खातों से 10% अधिक था ।

(4) वित्तीय खातों में तैयार माल का अंतिम स्टॉक ₹ 2,90,000 था ।

(5) वित्तीय खातों में विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय ₹ 1,08,000 थे ।

(6) प्राप्त डिविडेण्ड ₹ 10,000, प्राप्त किराया ₹ 12,000, साख हटाई गई ₹ 5,000, कर प्रावधान ₹ 20,000 एवं दंड भुगतान ₹ 2,000 को केवल वित्तीय खातों में दर्ज किया गया ।

उपरोक्त जानकारियों से लागत खातों एवं वित्तीय खातों का समाधान पत्रक तैयार करते हुए वित्तीय खातों के आधार पर लाभ ज्ञात कीजिए ।

2. विधि ट्रांसपोर्ट कंपनी विरमगाम और अहमदाबाद के मध्य दो बसें चलाती है । इन दो शहरों के मध्य दूरी 60 कि.मी. है । प्रत्येक बस ₹ 10,00,000 की है । एक बस प्रतिदिन 90% यात्री क्षमता के साथ 3 राउन्ड ट्रिप करती है, जबकि दूसरी बस प्रतिदिन पूर्ण क्षमता के साथ 2 राउण्ड ट्रिप करती है । प्रत्येक बस की बैठक क्षमता 50 यात्रियों की है । दोनों बसें माह में औसतन 25 दिन चलती है । वर्ष 2024-25 की सूचनाएँ निम्न हैं : **10**

| | |
|---|---|
| गैरेज किराया (2 बसों के लिए) | ₹ 15,000 मासिक |
| वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव | घसारा का 50% |
| प्रत्येक ड्राइवर का वेतन : | ₹ 25,000 मासिक |
| 2 कंडक्टरों का वेतन | ₹ 2,40,000 वार्षिक |
| मैनेजर का वेतन | ₹ 30,000 मासिक |
| प्रत्येक बस का रोड टैक्स | ₹ 10,000 मासिक |
| ऑफिस खर्च | ₹ 1,56,000 वार्षिक |
| डीज़ल की प्रति लीटर लागत | ₹ 90 |
| प्रत्येक बस का प्रति लीटर एवरेज | 10 कि.मी. |
| वार्षिक ह्रास | लागत का 30% |
| वार्षिक बीमा | बस की कीमत का 5% |

यदि कंपनी किराये की आय पर 25% का लाभ कमाना चाहती है तो दोनों बसों की संयुक्त कीमत के आधार पर विरमगाम से अहमदाबाद का एक तरफ का किराया ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

2. डॉ. संदीप का ₹ 25,000 महीने के किराए का एक ममता अस्पताल विरमगाम में है । अस्पताल में 30 बेड की सुविधा है । उसे बिल्डिंग की मरम्मत और रख-रखाव का खर्च वहन करना होता है । **10**

अस्पताल के स्थायी कर्मचारियों का खर्च निम्न अनुसार है :

2 सुपरवाइज़र, प्रत्येक का मासिक वेतन ₹ 12,000

5 नर्स, प्रत्येक का मासिक वेतन ₹ 15,000

2 वॉर्ड ब्वाय, प्रत्येक का मासिक वेतन ₹ 8,000

2 डॉक्टर, प्रत्येक का मासिक वेतन ₹ 60,000

अन्य खर्चे निम्न अनुसार हैं :

| **विवरण** | **रकम ₹** |
|---|---|
| मरम्मत एवं रख-रखाव खर्च | 48,000 |
| मरीज़ के भोजन का खर्च | 80,000 |
| धुलाई खर्च | 20,000 |
| एक्स-रे एवं ऑक्सीजन खर्च | 15,000 |
| दवा खर्च | 50,000 |
| सामान्य प्रशासनिक खर्चे | 36,000 |
| विशेष डॉक्टर बुलाने की फीस | 30,000 |

अस्पताल उपचार के लिए 365 दिन खुला रहता है । वर्ष के दौरान 100% बेड 300 दिनों तक भरी रहीं जबकि बाकी दिनों में 50% बेड भरी रहीं ।

सेवा लागत का पत्रक तैयार करते हुए 20% का लाभ कमाने के लिए प्रति मरीज प्रति बेड कितनी राशि वसूल की जाए इसकी गणना कीजिए ।

3. थनक कंस्ट्रक्शन कंपनी ता. 01-04-2023 को ₹ 70,00,000 के एक घर बनाने के लिए करार करती है । इसके विवरण निम्न हैं : **10**

| विवरण | 1-04-2023 से 31-03-2024 तक वास्तविक खर्च (₹) | 1-04-2024 से 31-12-2024 तक अनुमानित खर्च (₹) |
|---|---|---|
| मालसामान | 12,00,000 | 22,00,000 |
| दत्त मजदूरी | 8,00,000 | 10,00,000 |
| अदत्त मजदूरी | 80,000 | 1,20,000 |
| प्लांट खरीदा | 6,00,000 | – |
| खर्च भुगतान | 3,00,000 | 6,00,000 |
| पूर्वदत्त खर्च | 60,000 | – |
| प्लांट, स्टोर को वापस (वर्ष के अंत में) (लागत कीमत) | 2,00,000 | 4,00,000 |
| हाथ में मालसामान | 80,000 | 2,00,000 |
| प्रमाणित कार्य | 32,00,000 | 70,00,000 |
| अप्रमाणित कार्य | 1,00,000 | – |
| प्राप्त रोकड़ | 24,00,000 | 100 % |

प्लांट पर 20% की दर से घटते शेष अनुसार घसारा गणना की जानी है । करार 31-12-2024 को समाप्त होने का अनुमान है ।

ता. 31-03-2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए करार खाता तैयार कीजिए एवं अनुमानित लाभ की गणना कीजिए ।

**अथवा**

3. (A) दत्तू लि. के जॉब नं. 108 का विवरण निम्न है : **6**

मालसामान ₹ 30,000

मजदूरी

विभाग-A 200 घंटे, ₹ 20 प्रति घंटे से

विभाग-B 100 घंटे, ₹ 10 प्रति घंटे से

विभाग-C 50 घंटे, ₹15 प्रति घंटे से

बजटित चलित उपरिव्यय

विभाग-A ₹ 45,000, 1,500 घंटो के लिए

विभाग-B ₹ 25,000, 1,250 घंटो के लिए

विभाग-C ₹ 15,000, 1,000 घंटो के लिए

बजटित स्थिर उपरिव्यय

10,000 सामान्य कार्य घंटों के लिए, ₹ 1,50,000

उपरोक्त जानकारियों से जॉब नं. 108 की कुल लागत ज्ञात कीजिए ।

(B) स्वयं भाव–वर्धक धारा का वर्णन कीजिए । **4**

4. निर्मी लि. गैर–संकलित लेखांकन पद्धति के अंतर्गत अपनी पुस्तकें बनाती है । उसके कच्चे चिट्ठे की 31-03-2024 की जानकारी निम्न है : **10**

| **खाते का नाम** | **उधार ₹** | **जमा ₹** |
|---|---|---|
| स्टोर खाता–बही नियंत्रण खाता | 70,000 | |
| चालूकाम नियंत्रण खाता | 90,000 | |
| तैयार माल नियंत्रण खाता | 60,000 | |
| सामान्य खाता–बही नियंत्रण खाता | | 2,20,000 |
| **कुल** | **2,20,000** | **2,20,000** |

वर्ष दौरान लेन–देन निम्न हैं :

| | ₹ |
|---|---|
| मालसामान की रोकड़ खरीदी | 60,000 |
| मालसामान की उधार खरीदी | 2,10,000 |
| सप्लायर्स को मालसामान वापस | 20,000 |
| उत्पादन के लिए भेजा मालसामान | 1,80,000 |
| मरम्मत के लिए भेजा मालसामान | 8,000 |
| मालसामान की असामान्य हानि | 2,000 |
| दत्त प्रत्यक्ष मजदूरी | 1,10,000 |
| दत्त अप्रत्यक्ष मजदूरी | 30,000 |
| दत्त कारखाना उपरिव्यय खर्च | 70,000 |
| दत्त कारखाना उपरिव्यय वसूल | 1,20,000 |
| दत्त ऑफिस उपरिव्यय | 70,000 |
| ऑफिस उपरिव्यय वसूल | 67,000 |
| दत्त विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय खर्च | 30,000 |
| वर्ष दौरान उत्पादन लागत | 4,30,000 |
| वर्षांत तैयार माल का अंतिम स्टॉक | 80,000 |
| विक्रय | 7,50,000 |

गैर–संकलित लेखांकन पद्धति द्वारा उपरोक्त लेन–देनों के लिए कंपनी की किताबों में आवश्यक खातें बनाइए और 31-03-2025 को कच्चा चिट्ठा भी तैयार कीजिए ।

**अथवा**

4. (A) श्याम कंपनी गैर-संकलित लेखांकन पद्धति के अंतर्गत अपने खाते बनाती है । निम्न व्यवहारों से इसकी पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए : **6**

| | |
|---|---|
| विशेष जॉब के लिए मालसामान खरीदा | ₹ 10,000 |
| कारखाना उपरिव्यय वसूल | ₹ 1,00,000 |
| ऑफिस उपरिव्यय की कम वसूली | ₹ 20,000 |
| विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय की अधिक वसूली | ₹ 5,000 |
| विक्रित माल की लागत | ₹ 3,00,000 |
| विक्रय | ₹ 5,00,000 |

(B) संकलित एवं गैर-संकलित लेखांकन पद्धति के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए । **4**

5. प्रत्येक प्रश्न के सही विकल्प चुनिए : (कोई **दस**) : **10**

(1) ________ खर्च वित्तीय खाते में दर्ज नहीं किया जाता है ।

(a) स्वयं के घर का किराया

(b) बैंक ब्याज

(c) ऑफिस वेतन

(d) कमीशन

(2) वित्तीय खातों के अनुसार, हानि ₹ 40,000 है और वित्तीय खातों में ऑफिस खर्च ₹ 30,000 हैं, जबकि लागत खातों में ऑफिस खर्च ₹ 25,000 हैं, तो लागत खाते के अनुसार हानि कितनी होगी ?

(a) ₹ 35,000

(b) ₹ 45,000

(c) ₹ 30,000

(d) इनमें से कोई नहीं

(3) यदि लागत खातों के अनुसार लाभ ₹ 15,000 है और तैयार माल के अंतिम स्टॉक का अति मूल्यांकन ₹ 10,000 है, तो वित्तीय खातों के अनुसार लाभ कितना होगा ?

(a) ₹ 25,000

(b) ₹ 5,000

(c) ₹ 30,000

(d) इनमें से कोई नहीं

(4) यदि प्रति यात्री कि.मी. लागत ₹ 3 है और दो शहरों के मध्य दूरी 60 कि.मी. है तथा किराए पर लाभ 25% है, तो टिकट किराया ज्ञात कीजिए ।

(a) ₹ 3.75

(b) ₹ 4

(c) ₹ 5

(d) इनमें से कोई नहीं

(5) निम्न में से कौन सा सेवा उद्योग में शामिल नहीं है ?

(a) अस्पताल

(b) तेल कंपनी

(c) बस

(d) होटल

(6) निम्न में से कौन से खर्च को अस्पताल के स्थिर खर्च में शामिल किया जाता है ?

(a) दवाइयों की लागत

(b) नर्सिंग स्टाफ का वेतन

(c) मरीजों के लिए भोजन का खर्च

(d) (a) और (c) दोनों

(7) निर्माण उद्योग में कौन सी पद्धति अपनाई जाती है ?

(a) बैच लागतन

(b) जॉब लागतन

(c) सेवा लागतन

(d) करार लागतन

(8) करार के लाभ एवं हानि खाते में ₹ 64,000 जमा किया गया लाभ है जिसकी 2/3 के 80% पर प्राप्त रोकड़ के आधार पर गणना की गई है । करार का कुल लाभ ज्ञात कीजिए ।

(a) ₹ 34,133

(b) ₹ 51,200

(c) ₹ 42,667

(d) ₹ 1,20,000

(9) मोटर गैरेज में कौन सी पद्धति अपनाई जाती है ?

(a) इकाई लागतन

(b) प्रक्रिया लागतन

(c) जॉब लागतन

(d) बैच लागतन

(10) दवा बनाने वाली कंपनी कौन सी पद्धति अपनाती है ?

(a) सेवा लागतन

(b) करार लागतन

(c) बैच लागतन

(d) जॉब लागतन

(11) सामान्य निष्क्रिय समय निम्न में से किस खाते में उधार किया जाता है ?

(a) कारखाना उपरिव्यय

(b) प्रशासनिक उपरिव्यय

(c) विक्रय उपरिव्यय

(d) लागत लाभ–हानि

(12) किसी विशेष जॉब के लिए जब माल खरीदा जाता है, तो उसे निम्न में से किस खाते में उधार किया जाता हैं ?

(a) चालू काम खाताबही नियंत्रण

(b) तैयार माल खाताबही नियंत्रण

(c) स्टोर खाताबही नियंत्रण

(d) कारखाना उपरिव्यय